

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17


# यशोन्नति


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें



वर्ष 8+16 अंक 02 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 26 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## जैतपुर कला पंचायत में सरपंच की मनमानी, शिकायत करने वाला सचिव भी सैट हो गया

### बिना प्रस्ताव के सरपंच सचिव निकाल रहे लाखो के बिल, जिपं सीईओ से जांच की मांग

सिवनी यशोः- सिवनी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जैतपुर कलाँ अपने निर्वाचन के समय से ही विवादों में है । यहाँ सरपंच की मनमानी से परेशान होकर ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा उच्चाधिकारियों को सरपंच की मनमानी की शिकायत भी कुछ दिनों पूर्व की गयी थी परंतु उच्चाधिकारियों एवं अन्य उच्च स्तरीय दबाव में आकर सचिव ग्राम पंचायत की सरपंच के साथ ही भ्रष्टगतिविधियों में शामिल हो गया । बताया जाता है कि सचिव की आई डी सरपंच के पास ही जप्त करा दी गयी है और सचिव केवल नाममात्र का है और उस दबाव बनाकर दबंग व्यक्तियों द्वारा काम कराया जा रहा है । लाखो रूपये के फज्री बिल निकाले जाने के आरोप उप सरपंच एवं पंचों द्वारा लगाये जा रहे है ।

ग्राम पंचायत जैतपुर कला मे सरपंच सचिव द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए पंचायत के निर्वाचित अन्य जनप्रतिनिधियो से सलाह मशबिरा किये बिना प्रस्ताव के लाखो रूपये के बिल निकाले जा रहे है ये बिल फर्जी संस्थाओं के नाम से होते है जिनका पंचायत के कार्यो से कोई लेना देना नही होता है। इस आशय की शिकायत जैतपुर कला के उपसरपंच कृपाल सिह बघेल सहित नितिन बघेल पंच संजय बघेल शालिकराम बघेल विक्रम बघेल संगीता बघेल आदि ने जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिह्ह्ह्कारी सहित जिला कले टर एवं जनपद पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी से करते हुए उनके द्वारा उठाये गये सभी विन्दुओ की जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की है। पंचायत के उक्त जववदेह लोगो के हस्ताक्षरो से दिये गये शिकायती पत्र में बताया




गया है कि विगत 3 माह जून जुलाई एवं अगस्त से पंचायत की बैठक नही रखी गयी है 21 लाख का भुगतान बिना किसी ठहराव प्रस्ताव के फर्जी संस्थाओ के नाम पर निकाल लिया गया है। इसी तरह शिकायती पत्र मे बताया गया है कि सरपंच सचिव द्वारा विगत 6 माह से पांचायत की नल जल योजना की वसूली कर राशी अपने पास रखे हुए है जिसकी जानकारी बैठको मे मांगे जाने पर सरपंच सचिव द्वारा नही दी जाती है एवं जव से बैठक का आयोजन बंद कर दिया गया है ओर कच्चे बिलो से भुंगतान किया जा रहा है जो कि शासन के नियम के विरूद्ध है। शिकायती पत्र मे आगे बताया गया है कि जून जुलाई अगस्त 2023 मे इन माह बैठक कार्यवाही पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा जो की गयी है वह पूर्णतः फर्जी है भुगतान की पूरी व्यवस्था पंचायत मे होने के वावजूद सरपंच सचिव द्वारा भुगतान बाहर से किये जा रहे है सारे पासवर्ड निजी क प्यूटर वालो को दे दिये गये है जो मनमाने तरीके से हितग्राहियो से वसूली कर रहे है। शिकायत मे आगे बताया गयाहै कि नव गठित पंचायत के समय से ही बैठक मे पूछे जाने पर किस मद मे कितनी राशी है जिसकी जानकारी बैठको मे आज तक नही दी गयी है वही 15 अगस्त जैसे राष्ट्रीय पर्व पर पंचायत द्वारा सदस्यो को ना तो किसी प्रकार की सूचना दी गयी ओर ना ही उन्हे आमंत्रित किया गया । शिकायतकर्ताओ ने उक्त बिन्दुओ की जांच कर निष्पक्ष कार्यवाही की मांग उक्त जवावदेह अधिकारियो से की है। यहां उल्लेखनीय होगा कि इस पंचायत मे जव से नये पंचायत निर्वाचित हुंए है तभी से वे सचिव के साथ मिलकर पंचायत ी कार्यो मे अपनी मनमानी इस कदर चला रहे है कि जेसे उन्हे किसी का भय ही नही है अव देखना है कि जवावदेह अधिकारी इस पंचायत की शिकायतो की जांच करतें है या नही।

## प्रमोद सोनी ने समाज को गौरांवित किया - किशोर सोनी

### स्वर्णकार समाज ने चंद्रयान की सफललता पर प्रमोद सोनी को दी बधाई

सिवनी यशोः- सिवनी 26 अगस्त 2023- पूरा देश चंद्रयान 03 अभियान की अभूतपूर्व सफलता से गौरांवित है । चंद्रयान की इस सफलता में सिवनी जिले की माटी का भी योगदान होने से जिले को हर्षित किया है और सफलता पर खुशी दुगनी हो गयी है । जिला स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष किशोर सोनी (के. के.) ने चंद्रयान 3 की सफलता में सिवनी में पले बढ़े साईंटिस्ट प्रमोद कुमार सोनी को पूरे समाज की ओर से बधाई देते हुये कहा है कि प्रमोद सोनी ने प्रदेश जिला एवं संपूर्ण समाज का गौरव बढाया है जिससे समाज गौरांवित महसूस कर रहा है ।



श्री किशोर सोनी ने कहा कि जिस टीम द्वारा चंद्रयान की सफलता पर दिनरात काम किया जा रहा था उसमें सिवनी निवासी प्रमोद कुमार सोनी भी शामिल हैं जो इसरो में ही रहकर अपना काम कर रहे हैं. चंद्रयान की सफल लैंडिग के बाद अब वे सिवनी वापिस आयेंगे उनका समाज की ओर से अभिनंदन किया जायेगा ।

प्रमोद कुमार सोनी के पिता नील कण्ठ सोनी सिवनी में लोक निर्माण विभाग में अनुविभागीय अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए हैं एवं वर्तमान में वे लूघरवाड़ स्थित वीरहो स में निवास कर रहे हैं । 2014 में मंगलयान भी सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया था. उस टीम में भी प्रमोद सोनी की सहभागिता रही है और उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके पुत्र से हाथ मिलाकर उन्हें बधाई दी थी।

स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष किशोर सोनी (के. के.) ने बताया कि प्रमोद की आरंभिक पढ़ाई गर्वमेंट स्कूल सिवनी, फिर कटंगी और बालाघाट में पूरी हुई. इसके उपरांत प्रमोद सोनी ने चेन्नई से एरोनॉटि स इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की. इसके बाद उन्होंने एमटेक की उपाधि देश के यातिलब्ध आईआईटी खड़कपुर से प्राप्त की. इसके बाद से इसरो में वैज्ञानिक के पद पर कार्य करने लगे। अपनी टीम के साथ प्रमोद सोनी कार्य करते हुये देश और समाज का गौरव बढा रहे है जिससे पूरा समाज गौरांवित हो रहा है ।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से किया गया लोक अधिकार केन्द्र का शुभारंभ

सिवनी यशोः- शुक्रवार 25 अगस्त को सिवनी विधानसभा क्षेत्र



के विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से लोक अधिकार केन्द्र का शुभारंभ किया गया। छपारा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्थित बैनगंगा आजीविका सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र मे आजीविका मिशन जिला पंचायत द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे लोक अधिकार केन्द्र का शुभारंभ विधायक श्री राय के करकमलों से जिला पंचायत सीईओ नवजीवन पवार, जनपद सीईओ सुमन खातरकर व अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों व दीदियों की गरिमामय उपस्थिति फीता काट कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री राय के द्वारा मां सरस्वती जी के पूजन से की गयी। तदुपरांत कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक श्री राय ने मु य अतिथि के रुप मे संवाद कार्यक्रम मे शामिल होकर स्व-सहायता समूह की दीदियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी सं या मे आजीविका मिशन से जुड़ी स्व सहायता समूह की दीदियों व अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम बीजादेवरी पहुंचकर हायर सेकेण्डरी स्कूल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त किया। श्री राय भारतीय जनता पार्टी मंडल बीजादेवरी द्वारा आयोजित कार्यसमिति की बैठक मे शामिल होकर उपस्थित मंडल पदाधिकारियों व कार्यकर्तागणों को संबोधित किया। बैठक के प्रारंभ मे बीजादेवरी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव ऊके द्वारा विधायक श्री राय, प्रताप अड़सड़ विधायक महाराष्ट्र, आलोक दुबे जिलाध्यक्ष, श्रीमती नीता पटेरिया पूर्व सांसद , महताब पटेल सहित जिला भाजपा पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान मंडल क्षेत्र के अनेकों लोगों ने भाजपा सरकार की रीति नीति व सिवनी विधायक की कार्य शैली से प्रभावित होकर विधायक श्री राय सहित समस्त अतिथियों के शुभहस्ते भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता गृहण किया। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारियों एवं देवतुल्य जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## कांग्रेस की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यशाला फुलारा संपन्न

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री

**सैकड़ो ग्रामीणों ने ली कांग्रेस की सदस्यता**

कमलनाथ के निर्देशानुसार, गोपालगंज ब्लाक के मातृधाम मंडलम के अन्तर्गत फुलारा से टर में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यशाला बी.एल.ए. प्रशिक्षण ग्राम जमुनिया में दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला को स बोधित करते हुऐं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम जो कि 31 अगस्त तक प्रत्येक बूथ स्तर पर मतदाताओं के नाम जुड़वाने एवं कटवाने का कार्य किया जा रहा है, आप सभी की पहली प्राथमिकता है



कि आगामी विधानसभा चुनाव में निर्वाचन हेतु तैयार हो रही वोटर लिस्ट का अवलोकन अवश्यक रूप से करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित ना रह सकें। आप सभी मतदाता पुनरीक्षण कार्य में आगे आकर मतदाता सूची में नाम जुडवाने का कार्य करें। बैठक में जमुनिया ग्राम के सैकड़ो ग्रामीण जनों ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावी मु यमंत्री कमलनाथ जी के नेतृत्व पर विश्वास करते हुये एवं कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में ग्राम जमुनिया से राजा सनोडिया, सतीश सनोडिया, रामजी बघेल, दुर्गा सनोडिया, बबल सनोडिया, जेकी बघेल, अरिओम बघेल, भगवानसिंह सनोडिया, मस्तराम सनोडिया, राजपाल बघेल, सपिल यादव, राजू यादव, पवन बघेल, राजकुमार यादव, अर्जुन शर्मा, हर्षित बघेल, राजेश यादव, मनीष यादव, ब्रजमोहन सनोडिया, घसीटा यादव, कृष्णा सनोडिया, दीपक सतनामी, संजय सतनामी, शिवम यादव, अभिषेक बघेल, विशाल बघेल, विनोद प्रजापति, सोनू सनोडिया, देवेन्द्र प्रजापति, जय अ बे बघेल, अर्जुन बघेल, विकास नायक, अंकित जावरे को श्री खुराना ने कांग्रेस पार्टी का गमछा डालकर सभी नवागंतुक कांग्रेस सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुए कांग्रेस संगठन की मजबूती एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने के लिए कार्य करने का आव्हान किया।

बैठक में जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह (लल्लू) बघेल, जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल, जिला कांग्रेस महामंत्री अतुलचंद मालू, शशिभूषण सिंह बघेल, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आनंद पंजवानी, सिवनी नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिसिंह जाड़ेजा, जिला एनएसयुआई अध्यक्ष धनंजय सिंह, विनोद यादव, बूथ प्रबंधन एवं नारी स मान योजना के ब्लाक प्रभारी कमलेश सनोडिया, मंडलम अध्यक्ष चन्द्रहास(चन्दू) सनोडिया, से टर अध्यक्ष अपूर्व मोनू सिंह बघेल, मथुरा सनोडिया, गजेन्द्र सिंह बघेल, राजा सनोडिया, गया चन्द्रवंशी, राजकुमार गुड्डू यादव एवं अन्य कांग्रेस जनों की उपस्थिति में कार्यशाला संपन्न हुई ।

## मु यमंत्री आदिवासी के अपमान पर चरण पखारते है और उन्हीं के अधिकारी निर्वाचित आदिवासी जनप्रतिनिधि सार्वजनिक अपमान कर रहे है

छपारा यशोः-जनपद पंचायत छपारा में पदस्थ मु यकार्यपालन अधिकारी सुमन खातकर विवादित, भ्रष्ट छवि के लिये काफी बदनाम है और उन पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं होने से उनके हौंसले बुलंद है । जिले की सिवनी, केवलारी जनपद में उनकी पदस्थी के दौरान अनेक विवाद सार्वजनिक हुये है और उनके अशिष्ट व्यवहार के कारण केवलारी जनपद पंचायत के अध्यक्ष सहित जनपद के सभी सदस्यों ने उन्हें हटाने के लिये सर्वस मति से प्रस्ताव भी दिया जिसके बाद उन्हें छपारा जनपद में पदस्थ कर दिया गया परंतु यहाँ भी उनके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं है उनके द्वारा छपारा जनपद पंचायत के निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कक्ष की बैठक व्यवस्था को जो स्वरूप दिया गया है वह भुगतान न कर कुर्सियाँ वापिस कर रही है जबकि इनके पूर्व पदस्थ मु यकार्यपालन अधिकारी के आदेश पर यह कुर्सियाँ खरीदी गयी थी । अध्यक्ष उपाध्यक्ष की कुर्सियाँ



अशिष्टता की श्रेणी से कम नहीं है और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को इस तरह से अपमानित करने की मानसिकता प्रदेश की संवेदनशील सरकार के प्रति आदिवासी समाज में दुर्भावना पैदा करने के लिये पर्याप्त है । जहाँ प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आदिवासी के समाज के सामान्य व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार होने पर उसके पैर पखार कर उसे समाज में स मान देने का संदेश दे रहे है वहीं छपारा जनपद की मु यकार्यपालन अधिकारी निर्वाचित जनपद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के बैठने के लिये इज्जतदार कुर्सी के दुकानदार द्वारा भुगतान न होने के कारण वापस ले जाने से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अपमानित महसूस कर रहे है और सार्वजनिक रूप से अनेक व्यक्ति इस बात को लेकर उनका मजाक भी उड़ा रहे है ।

छपारा जनपद के इस घटना क्रम से आदिवासी समाज में नाराजगी का वातावरण बन रहा है और आदिवासी समाज के निर्वाचित अध्यक्ष के अपमान से सत्ता विरोधी राजनैतिक दल भी इसे मुद्दा बना रहे है । मु यकार्यपालन अधिकारी द्वारा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को अपमानित करने की मानसिकता से किये गये इस काम की छपारा क्षेत्र में जमकर आलोचना हो रही है ।

हमारे छपारा संवाददाता के अनुसार जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष,उपाध्यक्ष के बैठने लिए कुछ महीने पहले दो आलीशान कुर्सियां खरीदी गई थी, जिस पर हमेशा बैठकर वह ग्रामीणों की समस्या सुना करते थे किंतु मंगलवार को इन कुर्सियों को दुकानदार इस लिये उठाकर ले गया कि उसे इनका अभी तक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ । दरअसल हुआ यह कि जिन कुर्सियों को चार महीना पहले खरीदा गया था उनका भुगतान दुकानदार को नहीं किया गया था जिसके चलते दुकानदार ने उन कुर्सियों को जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के कक्ष से उठाकर वापस दुकान ले जा लिया गया। बताया जा रहा है कि यह कुर्सियां उस समय खरीदी गई थी जब जनपद पंचायत के सीईओ लोकेश नारनोरे पदस्थ थे जिन्हें एक मामले पर निलंबित कर दिया गया था, इसके बाद छपारा जनपद पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी के तौर पर सुमन खातनकर को प्रभारी सीईओ बनाया गया है । सीईओ खातकर दुकानदार को केवल इसलिये भुगतान नहीं कर रही थी कि यह कुर्सियाँ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के कक्ष के लिये खरीदी गयी और वे जनप्रतिनिधियों के प्रति स मान का व्यवहार नहीं रखती और इसी कारण केवलारी जनपद में भी हंगामा हुआ था उनका व्यवहार जनप्रतिनिधियों के प्रति स मानजनक नहीं रहता । छपारा का यह घटना क्रम सत्ताधारी भाजपा के लिये काफी नुकसानदायक हो सकता है ओर सरकार की छवि भी इससे धूमिल हो रही है ।

इस संबंध मे जब जनपद अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त कुर्सीया पूर्व सीईओ के समय बुलवाई गई थी उस दौरान वह लगातार छुट्टी मे रहे और जिस वजह से भुगतान नहीं हो पाया और नवागत प्रभारी मु य कार्यपालन अधिकारी द्वारा यों इसका पेमेंट नहीं किया गया इस संबंध में तो वही जानकारी दे सकती है। और मै तो जमीन से जुड़ा व्यक्ति हूं मुझे किसी कुर्सी की आवश्यकता नहीं मै तो जमीन मै बैठकर भी लोगो की समस्या सुन सकता हूं चूंकि में जनता का सेवक हूं।

### जबरन नॉलेज




## मतदाता सूची में 31 अगस्त तक जुड़वाये जा सकेंगे नाम

सिवनी यशोः-जिले में 02 अगस्त 23 से प्रारंभ हुये मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची में नये नाम जोड़ने, दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपित कराने तथा पूर्व से दर्ज प्रविष्टियों में संशोधन कराने के लिये 31 अगस्त तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत दो अगस्त को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है । आम नागरिक या मतदाता अपने मतदान केंद्र पर प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन कर सकेंगे तथा मतदान केंद्र पर ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने या नाम में संशोधन के लिये फार्म-6, फार्म-7 या फार्म-8 में दावा-आपत्ति दे सकेंगे । इसके साथ ही ऐसे युवा जो 1 अ टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं वे भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने फार्म-6 में अग्रिम आवेदन दे सकेंगे। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, विलोपित कराने तथा संशोधन के 31 अगस्त तक प्राप्त हुये आवेदनों (दावे-आपत्तियों) का निराकरण 22 सितंबर तक किया जायेगा तथा चार अ टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 31 अगस्त तक प्रत्येक कार्यदिवस पर बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इसके साथ ही से टर अधिकारियों को उनके क्षेत्र से सबंधित मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का वाचन कराने तथा एक घर में छह से अधिक मतदाता होने पर उनका भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये गये हैं।


**Requirement**

**We need good field team In Seoni for survey project-**

| No.Of Post | Qualification | Area | Salary |
|---|---|---|---|
| 10(Ten) | Any graduation with Smart Phone operation (PriorityB.Sc.(Ag)) | Seoni District, Seoni Tehsil | ₹10000-₹20000 |

ContactNo. 7869060033,7020958515 LastDate-31/08/2023

# जब अटलजी ने हुंकार भरी 'मेरी कविता जंग का ऐलान है, हारे हुए सिपाही का नैराश्य निनाद नहीं

-जयराम शु ल

आज की उथली राजनीति और हल्के नेताओं के आचरण के बरे स देखें तो अटलबिहारी बाजपेयी के व्यक्तित्व की थाह का आंकलन कर पाना बड़े से बड़े प्रेक्षक, विश्लेषक और समालोचक के बूते की बात नहीं। बाजपेयी जी सुचिता की राजनीति के जीवंत प्रतिमूर्ति थे। आज उनकी पुण्यतिथि है।


स्वतंत्रता के बाद जिन नेताओं के व्यक्तित्व की समग्रता का असर देशवासियों पर रहा उनमें से अटलबिहारी बाजपेयी शीर्ष पर हैं। हमारी पीढ़ी ने पं. नेहरू के बारे में पढ़ा व सुना है और अटलजी को विकट परिस्थितियों के साथ दो-दो हाथ करते देखा है।

पंडितजी स्वप्नदर्शी थे जबकि अटलजी ने भोगे हुए यथार्थ को जिया है। एक अत्यंत धनाढ्य वकील के वारिस पंडित जी पर महात्मा गांधी जैसे महामानव की छाया थी और आभामंडल में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास। जबकि अटल जी की राजनीति गांधी जी के हत्या के बाद उत्पन्न ऐसी विकट परिस्थितियों में शुरु हुई, जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और जनसंघ के खिलाफ शंका का वातावरण निर्मित व प्रायोजित किया गया था।

जन के सरोकारों के प्रति अटलजी का सपर्पण, निष्ठा ने ही साठ के दशक में प्रतिपक्ष की राजनीति का शुभंकर बना दिया था। बचपन में हम लोग सुनते थे- %अटल बिहारी दिया निशान, मांग रहा है हिन्दुस्तान'... हाल यह कि जो संघ या जनसंघ को पसंद नहीं करता था उसके लिए भी अटल जी आंखों के तारे थे।

वे 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से उपचुनाव के जरिए लोकसभा पहुंचे और 1977 तक लोकसभा में भारतीय जनसंघ के संसदीय दल के नेता रहे। अजातशत्रु शब्द यदि किसी के चरित्र में यथारूप बैठता है तो वे श्रीअटल जी हैं। दिग्गज समाजवादियों से भरे प्रतिपक्ष में उन्होंने अपनी लकीर खुद तैयार की। वे पंडित नेहरू और डॉ. लोहिया दोनों के प्रिय थे।

वाक्चातुर्य और गांभीर्य उन्हें संस्कारों में मिला वे श्रेष्ठ पत्रकार व कवि थे ही। इस गुण ने राजनीति में उन्हें और निखारा। अपने कविरूप का हुंकार भरते हुए उन्होंने परिचयात्मक शैली में कहा था- %मेरी कविता




जंग का ऐलान है, पराजय की प्रस्तावना नहीं, वह हारे हुए सिपाही का नैराश्य निनाद नहीं, वह आत्मविश्वास का जयघोष है।'

अटलजी ने एक राजनेता के तौर पर भी इसी भावना को आत्मसात किया। उनकी वक्तव्य कला मोहित और मंत्रमुग्ध करने वाली थी, जो जनसंघ व कालांतर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में करो या मरो, संभावनाओं और उत्साह का जोश जगाती रही। वह प्रसिद्ध उक्ति न सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ताओं को याद है बल्कि अटलजी के चाहने वालों को आज भी उद्धेलित करती है। 6 अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन के कुछ महीनों बाद हुए भाजपा के मुंबई अधिवेशन में उद्घोष किया- %अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा।' इसके बाद से कमल खिलता ही रहा।

यह अटलजी की दूरदृष्टि ही कि उनकी पहल पर पार्टी के सिद्धांतों में %गांधीवादी समाजवाद के प्रति निष्ठा' का नीति निर्देशक तत्व जोड़ा गया। अटल जी को इस बात का आभास था कि यदि भाजपा को राजनीतिक अस्पृश्यता के बाहर करना है तो गांधी के मार्ग पर चलना होगा।

वे 1977 के जनता पार्टी के गठन और उसके अवसान से आहत तो थे पर उनका अनुमान था कि बिना गठबंधन के %दिल्ली' हासिल नहीं हो सकती। सत्ता की भागीदारी के जरिए फैलाव की नीति, क युनिस्टों से उलट थी, इसलिए वीपी सिंह सरकार में भी भाजपा को शामिल रखा जबकि यह गठबंधन भी लगभग जनता पार्टी पार्ट-टू ही था। 1980 में जनसंघ घटक दोहरी सदस्यता के सवाल पर जनता पार्टी से बाहर निकला था और 1989 की वीपी सिंह की जनमोर्चा सरकार से राममंदिर के मुद्दे पर।

1996 में 13 दिन की सरकार ने भविष्य के द्वार खोले तब अटलजी ने अपने मित्र कवि डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन जी की इन पंक्तियों को दोहराते हुए खुद की स्थिति स्पष्ट की थी। %% या हार में या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं। संघर्ष पथ में जो मिले, यह भी सही, वह भी सही।'' ये पंक्तियां अटल जी के समूचे व्यक्तित्व के साथ ऐसी फिट बैठीं कि आज भी लोग इन पंक्तियों का लेखक अटल जी को ही मानते हैं न कि सुमन जी को।

अटल जी ने गठबंधन धर्म का जिस कुशलता और विनयशीलता के साथ निर्वाह किया शायद ही अब कभी ऐसा हो। वे गठबंधन को सांझे चूल्हे की संस्कृति मानते थे। एक रोटी बना रहा, दूसरा आटा गूंथ रहा तो कोई सब्जी तैयार कर रहा है, वह भी अपनी शैली में और फिर मिश्रित स्वाद, न अह , न अवहेलना।

अटलजी का व्यक्तित्व ऐसा ही कालजयी था कि असंभव सा दिखने वाला 24 दलों का गठबंधन हुआ, जिसमें पहली बार दक्षिण की पार्टियां शामिल हुईं। 1998 में जयललिता की हठ से एक वोट से सरकार गिरी। अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा जनभावनाएं सं याबल से पराजित हो गईं, हम फिर लौटेंगे और एक वर्ष के भीतर ही चुनाव में वे लौटे भी और इतिहास भी रचा।

अपने राजनीतिक जीवन में अटल जी ने कभी किसी को लेकर ग्रंथि नहीं पाली। अपनी पार्टी में उनकी विराटता के आगे सभी बौने थे फिर भी उन्होंने आडवाणी जी और मुरली मनोहर जोशी को अपने बराबर समझा। कई मसलों में तो वे आडवाणी के सामने भी विनत हुए।सन् 71 में बांग्ला विजय पर उन्होंने इंदिरा जी मुक्तकंठ से प्रशंसा की। लोकसभा में रणचंडी कहकर इंदिरा जी का अभिनंदन किया। उन्हीं इंदिरा जी ने आपातकाल में बाजपेयी जी को जेल में भी डाला।

मुझे नहीं मालुम कि अटल जी ने कभी किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी की या राजनीतिक हमले किए हों। राष्ट्रहित की बातें उन्होंने दूसरों से भी लीं। इंदिरा जी के परमाणु कार्यक्रम को उन्होंने आगे बढ़ाया व 1998 की तेरह महीने की सरकार के दर यान पोखरण विस्फोट किए। किसी की परवाह किए बगैर देश को वैश्विक शक्ति बनाने में लगे रहे।

यह संयोग नहीं बल्कि दैवयोग है कि उनका जन्म ईसा मसीह के जन्म के दिन हुआ। %वही करुणा, वही क्षमा' पर सिला भी वही ईशु की भांति ही मिला। दिल्ली से लाहौर तक बस की यात्रा की, जवाब में कारगिल मिला। पाकिस्तान को छोटा भाई मानते हुए जब-जब भी गले लगाने की चेष्ठा की, उसका परिणाम उल्टा ही मिला। अक्षरधाम, संसद हमला, एयर लाइंस अपहरण, इन सबके बावजूद भी उन्होंने जनरल परवेज मुशर्रफ को आगरा वार्ता के लिए बुलाया। लगता है अचेतन मन से आज भी अटल जी यही कह रहे हों कि हे प्रभु उन्हें माफ करना योंकि वे नहीं जानते कि वे या कर रहे हैं।

## सौंसर विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता अजय धवले भाजपा में शामिल

**प्रदेश अध्यक्ष ने दिलवाई पार्टी की सदस्यता**



भोपाल यशोः- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी के समक्ष छिंदवाड़ा जिले की सौंसर विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता श्री अजय धवले ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने श्री धवले को अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

श्री अजय धवले जिले में संस्था ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं मनोरोगियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। उन्हें महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार 2020 से संपूर्ण भारत से 'सर्वश्रेष्ठ संस्थान' के रूप में समानित किया जा चुका है। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता भी रह चुके हैं। नागपुर विश्वविद्यालय के डॉ आंबेडकर कॉलेज दीक्षाभूमि (विधि विभाग) के निर्विरोध छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुके हैं।

## वर्दी समाज और देश के स मान का प्रतीक - राज्यपाल

### एस.एस.बी. के प्रशिक्षु अधिकारियों को दी नियमित व्यायाम और पौष्टिक आहार की सलाह



भोपाल - राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्दी समाज और देश के स मान का प्रतीक है। वर्दी जनता के मन में सुरक्षा का विश्वास पैदा करती है। राज्यपाल श्री पटेल गुरूवार को राजभवन में सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु अधिकारियों को धैर्यवान, तनावरहित रहने, अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित योग, व्यायाम करने और पौष्टिक खान-पान की सलाह दी। सशस्त्र सीमा बल के महा निरीक्षक श्री संजीव शर्मा द्वारा राज्यपाल को पौधा एवं स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा भी उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा, नागरिकों के सुख-चैन का आधार होती है। जब परिवार से दूर रहकर हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए सीमा के प्रहरी जागते है तभी हम देशवासी चैन और शांति की नींद सो पाते है। किसी भी देश के सर्वांगीण विकास के लिए सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण होती है। प्रशिक्षु अधिकारी निष्ठा, ईमानदारी एवं राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर-सैनिकों की गाथाओं से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल पर नेपाल और भूटान जैसे मित्र राष्ट्रों की सीमाओं की सुरक्षा की संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण जि मेदारी है। सीमा की सुरक्षा के लिए असामाजिक तत्वों एवं राष्ट्र विरोधी ताकतों का पूरी कठोरता के साथ दमन करें। साथ ही सीमाओं पर रहने वाले आमजनों को सदैव सुरक्षित महसूस कराएं। कभी किसी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं होने पाए।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आप लोग कठिन प्रशिक्षण के पश्चात ÷आजादी के अमृतकाल÷ के महत्वपूर्ण प्रसंग में देश की सीमाओं की सुरक्षा की जि मेदारी संभालने जा रहे हैं। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को देश के प्रतिष्ठित और गौरवशाली सुरक्षा बल का सदस्य बनने पर शुभकामनाएं दीं।

स्वागत उद्बोधन में महानिरीक्षक एस.एस.बी. अकादमी भोपाल श्री शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग से चयनित 23 प्रशिक्षु अधिकारियों के 52 सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी। महिला प्रशिक्षु अधिकारी सुश्री रौनक त्यागी ने समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों की ओर से प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल के उप-सचिव श्री स्वरोचिष सोमवंशी, उप-महानिरीक्षक एस.एस.बी. श्री सोमित जोशी एवं सशस्त्र सीमा बल के स बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सिंधिया समर्थक समंदर पटेल कांग्रेस में शामिल

भोपाल यशोः- प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही राजनीतिक दलों मैं उथल-पुथल कब वातावरण निर्मित हो रहा है खासकर भारतीय जनता पार्टी इस समय भारी विद्रोह की स्थिति का सामना कर रही है चुनाव के लगभग 3 माह पूर्व 39 विधानसभा सीटों में प्रत्याशियों की अचानक हुई घोषणा के बाद अनेक भारतीय जनता पार्टी से सुनो लड़ने की महत्वाकांक्षा रखने वाले नेता और उनके समर्थक विद्रोही होकर कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं आज कुछ सिंधिया समर्थको ने एवं सागर निवाड़ी एवं शिवपुरी के अनेक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर भोपाल में सदस्य ग्रहण की है। नीमच क्षेत्र के समंदर पटेल जो केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कट्टर समर्थक थे उन्होंने आज 800 गाड़ियों के काफिले के साथ कांग्रेस कार्यालय भोपाल पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी में अपमानित महसूस कर रहे थे तथा उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार का बड़ा केंद्र बन गया है।




## से टर अधिकारियों की बैठक संपन्न

मंडला यशोः-आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत जिला योजना भवन में से टरअधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनीसिडाना तथा पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने मतदान केन्द्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की विस्तारसे समीक्षा की। विधानसभावार संपन्न हुई इस बैठक में रिटर्निंग ऑफीसर, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर,से टर तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।कले टर ने कहा कि संबंधित विभाग मतदान केन्द्र के लिए चिन्हित भवनों में निर्वाचन की दृष्टिसे सभी तैयारियाँ जल्द पूर्ण करें। प्रत्येक केन्द्र में बिजली, पानी, रे प तथा फर्नीचर आदि की उपलब्धतासुनिश्चित करें। से टर अधिकारी अपने भ्रमण के दौरान ग्रामीणजनों को मतदान का महत्व बतलाएं तथाउनके लिए निर्धारित किए गए मतदान केन्द्र से संबंधित जानकारी प्रदान करें। बैठक में मतदान केन्द्रों मेंशांति तथा कानून व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा की गई।

# छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे - मु यमंत्री

**8 लाख 34 हजार व्यक्तियों को मिलेगा 5 हजार करोड़ से अधिक का ऋण**
**848 करोड़ की माचागोरा जल-प्रदाय योजना सहित 1178 करोड़ के 35 विकास कार्यों का भूमि-पूजन**
**258 करोड़ के 30 कार्यों का लोकार्पण**
**छिंदवाड़ा को मिलेगा एक और महाविद्यालय और शानदार ऑडिटोरियम**
**मु यमंत्री श्री चौहान का राज्य स्तरीय रोजगार दिवस और महिला स मेलन में संबोधन**

छिंदवाड़ा यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छिंदवाड़ा में विकास की गंगा बह रही है। आज सुबह जामसांवली में श्री हनुमान लोक परियोजना का भूमि-पूजन हुआ। जिले के 7 विकास खण्डों के 711 ग्रामों में जल-प्रदाय के लिए 848 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से बनने वाली माचागोरा समूह जल-प्रदाय योजना सहित 1178 करोड़ 54 लाख रुपए राशि के 35 नवीन विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 258 करोड़ 75 लाख रुपए लागत के 30 कार्यों का लोकार्पण हुआ है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने छिंदवाड़ा में एक और महाविद्यालय की स्थापना तथा शानदार ऑडिटोरियम के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



मु यमंत्री श्री चौहान ने आज छिंदवाड़ा में राज्य स्तरीय रोजगार दिवस और महिला स मेलन में 8 लाख 34 हजार व्यक्तियों को 5 हजार करोड़ से अधिक राशि के ऋण वितरण की शुरूआत भी की। मु यमंत्री ने विभिन्न जिलों में हितग्राहियों को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में कृषि मंत्री तथा छिंदवाड़ा के प्रभारी श्री कमल पटेल तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**711 ग्रामों से आए 711 जल कलश**

मु यमंत्री श्री चौहान ने महिला स मेलन और राज्य स्तरीय रोजगार दिवस में आये भाई-बहनों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया। माचागोरा समूह जल-प्रदाय योजना से लाभान्वित 711 ग्रामों की जल कलश यात्रा के 711 कलशों का पूजन कर मु यमंत्री श्री चौहान ने योजना का भूमि-पूजन किया। आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह और लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों ने मु यमंत्री को विशाल राखी भेंट की। जन-प्रतिनिधियों ने मु यमंत्री का विशाल पुष्प माला से स्वागत किया।

**हर गाँव के हर घर में नल से जल**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से हर गाँव के हर घर में नल से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है जबकि पिछली सरकारों में हेण्ड प प लगाने में भी मुश्किल होती थी। पिछली सरकार ने भारिया, सहरिया और बैगा बहनों को पौष्टिक आहार के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपए उपलब्ध कराने की योजना, कन्या विवाह योजना में राशि उपलब्ध कराने, जल जीवन मिशन के संचालन, लैपटॉप वितरण और गर्भवती महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराने जैसी योजनाओं को बंद कर दिया था।

**बहनों का जीवन आत्म-विश्वास से भरपूर हो**

श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार बहन-बेटियों का जीवन सुखमय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गरीब और किसान परिवार की कोई बहन-बेटी मजबूर न रहे, इसके लिए कई योजनाएँ शुरू की गई हैं। बेटा-बेटी के बीच भेद भाव मिटाने के लिये लाड़ली लक्ष्मी और कन्या विवाह जैसी योजनाएं आरंभ हुईं।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेटियाँ मजबूर रहने के लिए पैदा नहीं हुई हैं। उनका मान- स मान और आत्मविश्वास बढ़े इस उद्देश्य से ही लाड़ली बहना योजना में प्रतिमाह एक हजार रुपए उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसे क्रमबद्ध रुप से बढ़ाकर 3 हजार रुपए किया जायेगा। इस माह की 27 तारीख को राखी का त्यौहार मनाया जाएगा। बहनों की जिंदगी में हम कभी अंधेरा नहीं रहने देंगे।

**प्रदेश मेरा परिवार है**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम प्रदेश को परिवार मानकर सरकार चला रहे हैं। परिवार के हर सदस्य की चिंता है। हमारी सरकार किसान को फसल के लिए भरपूर पानी, विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए पुस्तकें-साइकिल-मध्यान्ह भोजन- लैपटाप-स्कूटी, महिलाओं को सुरक्षित वातावरण, युवाओं को कौशल उन्नयन और स्व-रोजगार के अवसर, वरिष्ठजन को हवाई जहाज से तीर्थ-यात्रा कराकर अपने कर्त्तव्य का निर्वहन कर रही है।

**'जनदर्शन' में उमड़ा ऐतिहासिक जन-सैलाब**

छिंदवाड़ा में जनदर्शन के दौरान अपार जनसमूह ने पुष्पों की वर्षा कर मु यमंत्री श्री चौहान का आत्मीय स्वागत एवं स मान किया। लाड़ली बहनें और प्यारी भांजियाँ भी पुष्प-वर्षा करने में पीछे नहीं रहीं। पूरे मार्ग में लगातार होती पुष्पवर्षा और भारत माता की जय तथा वंदे-मातरम के घोष के बीच विकास पर्व रथ अपार जन-समूह के साथ आगे बढ़ता रहा। मु यमंत्री के स्वागत एवं स मान में बच्चे, युवाओं, महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग भी समान रूप से उत्साहित थे। लाड़ली बहनों सहित अन्य हितग्राहियों ने विभिन्न जन-कल्याणकारी शासकीय योजनाओं के नाम और ÷धन्यवाद भैय्या÷ लिखी त तयाँ लहराकर मु यमंत्री का आभार प्रकट किया।

